an>

Title: Regarding Six-laning of bridges in Vadodara Parliamentary Constituency

श्रीमती रंजनबेन भट्ट (वडोदरा): मैं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी का अभिनंदन करना चाहती हूं क्योंकि उन्होंने मेरे बड़ोदरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के दुमाड जंक्शन पर जो ट्रैफिक की समस्या थी, उसके निवारण हेतु वहां ब्रिज बनाने की मंजूरी दी जिसका माननीय मंत्री श्री गडकरी जी ने शिलान्यास किया, जिसके लिए मैं माननीय मंत्री जी का अभिनंदन और आभार प्रकट करना चाहती हूं ।

मैं माननीय मंत्री जी को बताना चाहती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र बड़ोदरा में नेशनल हाईवे नं०-48 के पुराने ब्रिज के संकीर्ण होने की वजह से यातायात कर रहे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है । अहमदाबाद से जिन यात्रियों को हाईवे से भरूच, सूरत या मुंबई जाना पड़ता है, वो चाहे टू-व्हीलर हो, फोर-व्हीलर हो, ट्रांसपोर्ट यातायात हो, उन सभी को बड़ोदरा से गुजरना पड़ता है ।

अहमदाबाद से बड़ोदरा, सूरत और मुंबई की ओर जाने वाला हाईवे 6 लेन का है किन्तु बड़ोदरा से भरूच जाने के बीच जांबुवा और विश्वामित्री एवं पोर, बामनगाम और नाना फोफड़िया वे चारों ब्रिज चार (4) लेन के हैं, उसकी वजह से बड़ोदरा से भरूच के बीच ट्रैफिक की गंभीर समस्या है । वहां करीबन एक-एक घंटे तक यात्रियों को ट्रैफिक जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है और सबसे ज्यादा ट्रैफिक की समस्या एवं अकस्मात दुर्घटनाएं मेरे संसदीय क्षेत्र बड़ोदरा के जांबुवा ब्रिज पर होती हैं ।

माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध करना चाहती हूं कि यातायात के सुचारू प्रवाह के लिए मेरे संसदीय क्षेत्र बड़ोदरा के जांबुवा,

विश्वामित्री एवं बामनगाम, पौर और नाना फोफड़िया के मौजूदा चार (4) लेन ब्रिज को छह (6) लेन ब्रिज में परिवर्तित एवं निर्मित करने की शीघ्र कार्यवाही करने की पहल करें ताकि मेरे संसदीय क्षेत्र से जाने वाले यात्रियों को 10 कि.मी. के लंबे ट्रैफिक जाम की समस्या से मुक्ति मिल सके ।